an>

Title: Need to run Sangam Express (Train No.14163/64) on time.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ) : मेरठ से इलाहाबाद के बीच बुलन्दशहर, अलीगढ़, कानपुर होते हुए 14163/64 संगम एक्सप्रेस का संचालन किया जाता है। यह रेलगाड़ी मेरठ से सांयकाल 07 बजे प्रस्थान करती है तथा इलाहाबाद अगले दिन प्रातः 08.15 बजे पहुंचती है। वापसी में यह रेलगाड़ी इलाहाबाद से 05.45 बजे चलकर अगले दिन प्रातः 06.40 बजे मेरठ पहुंचती है। इलाहाबाद में संगम होने के साथ-साथ प्रदेश का उच्च न्यायालय भी स्थित है जिस कारण प्रतिदिन सैंकड़ों की संख्या में नागरिक इस रेलगाड़ी से आवागमन करते हैं। मैं माननीय रेल मंत्री जी के संज्ञान में यह लाना चाहता हूँ कि मेरठ के नागरिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण यह रेलगाड़ी पिछले लगभग छह माह में एकाध बार को छोड़कर अधिकांश कई-कई घंटे देरी से इलाहाबाद व मेरठ पहुंची है। इस कारण से यात्रियों को अत्यंत कठिनाई होती है तथा विशेषकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय जाने वाले वादियों को अत्यधिक आर्थिक हानि व मानसिक संताप होता है। इस संबंध में अनेक बार अधिकारियों से भी वार्ता की गई परन्तु संगम एक्सप्रेस के संचालन में कोई सुधार नहीं हुआ है।

मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि 14163/64 संगम एक्सप्रेस के गत छह माह के संचालन की जांच कराकर इसका समयबद्ध संचालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।